Food Corporation of India Foodgrains Stolen from train Transporting from Punjab to Delhi

3877. SHRI S. M. KRISHNA: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that foodgrains worth several lakhs of rupees were recently stolen from the special goods train transporting Food Corporation of India consignments from Punjab to Delhi;

(b) if so, the amount of wheat stolen and whether any investigation has been made into the *modus operandi* of the theft; if so, its outcome; and

(c) the steps which government propose to take to prevent such thefts in transit?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND RURAL RECONSTRUCTION (SHRI R. V. SWAMINATHAN): (a) Two special trains loaded with wheat booked ex-Patti, Roopnagar/Korali in Punjab were received on 3rd and 4th November, 1980 at Sabzi Mandi railway station, Delhi with abnormal shortage of complete bags as well as partial shortage in certain bags.

(b) In all the total shortage in both these trains was about 1485 quintals. The investigations to pin point cause of the shortage are in progress. Responsibility for the shortage will be duly fixed and necessary action will be taken on completion of the enquiry.

(c) The matter has already been reported to the loading agency—"MARKFED" Punjab—as well as the concerned Food Corporation of India authorities. They have been asked to go into the matter and take effective steps against recurrence of such shortage in future.

दिल्ली के स्कूलों में नलकूपों की व्यवस्था

3878. श्री दया राम शाक्य : क्या शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली के किन-किन गवर्नमेंट हायर सैकेण्डरी स्कूलों में छात्रों के लिए पेयजल हेतु नलकूप लगाए गये हैं और प्रत्येक मामले में इस प्रयोजन के लिए कितनी राशि खर्च की गई है ;

(ख) उक्त नलकूप चालू किये जाने के लिए कब तैयार किये गए थे और क्या उनको चालू कर दिया गया है ;

(ग) उन स्कूलों के नाम क्या हैं जहां नलकूप लगाये गये हैं परन्तु चालू नहीं किए जा रहे हैं ; और

(घ) वे नलकूप किन कारणों से नहीं चलाए जा रहे हैं तथा ये कब तक चालू हो जायेंगे ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री (श्री एस० बी० चह्वाण) : (क) से (घ). सूचना एकत्र की जा रही है और यथा शीघ्र सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

दिल्ली के स्कूलों में शिक्षकों की कमी

3879. श्री दया राम शाक्य : क्या शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की कुल संख्या कितनी है ;

(ख) ऐसे कितने स्कूल हैं जिनमें गत वर्ष से शिक्षकों की निरन्तर कमी बनी हुई है और ऐसे प्रत्येक स्कूल में कितने शिक्षकों की कमी है ;